तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024





11 छात्र की मौत के बाद मलेरिया जांच करने पहुंचा...





12 स्वच्छताग्राही दीदियों के स्वास्थ्य एवं सम्मान के...





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


## खबर संक्षेप



### नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरा दो घंटे रहा सड़क जाम

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से 09 किलोमीटर दूर दबनई नाला के पासआस सोमवार को दोपहर सड़क में पेड़ गिर जाने से दो घंटे तक सड़क जाम रहा। जिससे आवगमन प्रभावित होता रहा और पुलिस के जवान तथा ग्रामीणों के सहयोग से सड़क से पेड़ को काटकर हटाया गया तब कही जाकर आवगमन सुचारू हो पाया।

### जनसमस्या निवारण शिविर 19 जुलाई को

**मैनपुर।** जिले के विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 19 जुलाई को सबेरे 10 बजे से किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर मैनपुरखुर्द के सामुदायिक भवन प्रांगण में आयोजित किया जायेगा।

### ट्रैक पर युवक ने किया हंगामा, चालक को रोकनी पड़ी मालगाड़ी

**महासमुंद।** शहर के तुमगांव रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग में शनिवार देर रात एक युवक रेलवे ट्रैक पर शोरगुल मचाता रहा और गाली गलौज करता रहा। इस दौरान उसने क्रासिंग में तैनात गार्ड से भी अभद्रता की। युवक कौन था इसकी पहचान तो नही हो पाई। इस दौरान रायपुर की ओर से मालगाड़ी आने के चलते क्रांसिंग बंद किया गया था। लेकिन, ट्रैक पर नशे की हालत में खड़े युवक के कारण ड्राइवर को ट्रेन तक रोकनी पड़ गई। हालांकि, ट्रेन युवक के खड़े होने के स्थान के बाद ठहरी लेकिन, ट्रेन को आता हुआ देख युवक ट्रेन की दूसरी ओर कूद गया। मामला रेलवे अफसरों और पुलिस के संज्ञान में है लेकिन, अब तक क्या कार्रवाई की गई है इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। मानव जीवन को खतरे में देख चालक ने ट्रेन रोक दी। लेकिन, ट्रेन का गंतव्य से पहले किसी के कारण रोका जाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

## कार्रवाई : एसआईटी की टीम ने की कार्रवाई

# बीएमओ कार्यालय में करोड़ों का गबन उजागर 11 पर नामजद रिपोर्ट, 4 आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मैनपुर में हुए करोड़ों रुपए के हेराफेरी मामले में एसआईटी गरियाबंद की टीम ने 4 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

जानकारी के मुताबिक खण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर के द्वारा माह मई में थाना मैनपुर में लिखित आवेदन पेश किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के अंतर्गत करोड़ो का राशि गबन करने वाले कुल-11 लोगों के ऊपर नामजद एफआईआर के लिए आवेदन पेश करने पर थाना मैनपुर में आवेदन जांच पर प्रथम दृष्टिया अपराध का होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभिरता एवं संवेदनशिलता को देखते थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा के साथ आरोपी पताशाजी हेतु एसआईटी टीम को सक्रिय किया गया था।

18 मई 2024 को गजेन्द्र सिंह ध्रुव मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर के लिखित आवेदन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2019-20 के मध्य तत्कालिक चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य 10 आरोपियों द्वारा कोषालय में बीटीआर तथा बैरर चैक के माध्यम से फर्जी देयक तैयार कर हस्तलिखित मुद्रा का कूटरचना कर राज्य के लोक-लेखा से शासकीय राशि 3,13,43,971 रुपए का अवैध रूप से आहरण किया गया ▶▶| शेष पेज 10 पर



### दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर अधिकारियों के सहयोग से किया राशि आहरण

विवेचना दौरान आरोपीगण का पता तलाश दौरान तत्कालीक सहायक ग्रेड 03 विरेन्द्र भण्डारी पिता विष्णु राम भण्डारी उम्र 42 साल साकिन फिंगेश्वर थाना फिंगेश्वर को हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि घटना समय वर्ष 2016 से 2020 तक यह खण्ड चिकित्सा कार्यालय मैनपुर में लेखा-जोखा का काम करता था इसी के द्वारा जिला कोषालय के गुरूवेन्द पिता स्व0 नकुल साव व डॉक्टर केके नेगी के कहने पर आपस में षड़यंत्र पुर्वक फर्जी तरीके बीटीआर भरकर अवैध बील बाउचर स्वयं के द्वारा तैयार कर अपने अधिनस्थ कर्मचारी भरत नंदे, विनोद कुमार ध्रुव, भोजराम दीवान, लुकेश चतुर्वेदानी, जीसीकुर्रे का बेयरर चेक तथा दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर तथा कोषालय के अधिकारियों के सहयोग से शासकीय राशि का आहरण कर गबन करना स्वीकार किया गया तथा उक्त राशि से खरीदे मोटर सायकल को आरोपी के द्वारा पेश करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी बिरेन्द्र भण्डारी के खिलाफ अपराध सबुत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तारी का किया गया। आरोपी बिरेन्द्र भंडारी से शासन की गबन गई राशि बरामद नहीं होने से दिनांक 28 मई तक एक दिवस पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पुनः पुछताछ कर आरोपी बिरेन्द्र भंडारी के कब्जे से गबन की गयी राशि 20000 रूपये को पेश करने पर जप्त किया गया है, प्रकरण में फरार आरोपी में से किशोर कुमार दुबे तथा द्वारिका प्रसाद वर्मा को कवर्धा से गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है आरोपी किशोर कुमार दुबे के कब्जे से गबन की गयी राशि में से 20000 रूपये एवं द्वारिका प्रसाद वर्मा के कब्जे से गबन की गयी राशि में से 25000 रूपये को पेश करने पर जप्त किया गया है।

# निकाय चुनावों में शत-प्रतिशत जीत का बनाएं इतिहास : सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर विधानसभा के मतदाताओ का अभिनंदन समारोह कृषि उपज मंडी प्रांगण अभनपुर मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा के नवर्निवाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आजादी के बाद रायपुर लोकसभा से सर्वाधिक मतो से जीतने का गौरव जनता के माध्यम हासिल हुआ है यह सब पार्टी के कार्यकर्ताओ की मेहनत है, आप सभी अपने अपने गांववालो को धन्यवाद दो और जो इस कार्यक्रम मे नही पहुंचे है उनसे भी बृजमोहन अग्रवाल की तरफ से सभी का स्वागत,अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित करना। उन्होने कहा कि 62 वर्षो मे नेहरू जी के बाद लगातार तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बने है। यह सरकार सेवा, समर्पण भाव से कार्य करने के लिए आई है, आने वाले समय मे नगर पंचायत, नगर पालिका, पंचायत चुनाव जीतना है विधानसभा व लोकसभा चुनाव की गलती को सुधारकर 100 प्रतिशत जीत सुनिश्चित कर छत्तीसगढ़ मे इतिहास बनाना है। श्री अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव से ज्यादा खुश होने की जरूरत नही है अगर अभनपुर नयापारा क्षेत्र का विकास करना है तो चुनाव जीतना पड़ेगा तभी विकास हो पायेगा। उन्होने कार्यकर्ताओ व मंडल कार्यकर्ताओ को बूथवार आंकड़ा प्रस्तुत करते हुये कहा कि किस बूथ पर हमे कम मत प्राप्त हुये है, समीक्षा करनी होगी साथ ही उन ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत का परिणाम है जीत

इस अवसर पर अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जिसने कार्यकर्ताओ की बदौलत इतनी उंचाईओ को छूआ है प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने है,कार्यकर्ताओ के अथक मेहनत व प्रयास से प्रदेश मे भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार स्थापित है,भाजपा कार्यकर्ता जो मन मे ठान लेता है वह पूरा करके रहता है अभनपुर विधानसभा मे 5 बार के विधायक व पूर्व मंत्री को पराजित करने का श्रेय कार्यकर्ताओ को ही जाता है इसी तरह लोकसभा चुनाव मे सर्वाधिक मतदान कराने की जिम्मेदारी निभाते हुये अभनपुर मे सर्वाधित मतदान होने का रिकार्ड हासिल किया है हम सब पार्टी के कार्यकर्ता परिवार की तरह एकता के साथ स्थानीय चुनाव मे लडक़र पार्षद से लेकर अध्यक्ष,जनपद,सरपंच,पंच सभी पदो मे जीत हासिल करना है तभी अभनपुर विधानसभा क्षेत्र की विकास की परिकल्पना साकार होगी।

# करकरा में करंट की चपेट में आने से युवक समेत 4 बकरियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकासखंड छुरा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करकरा में बिजली की तार टूट कर फेंसिंग तार में गिर गया जहां विद्युत प्रभाव हो रहा था इसी दरमियान ग्राम कर्करा के निवासी वेद प्रकाश यादव ने अपनी बकरियों को चराई कर वापस घर लौट रहा था इस दौरान करंट की चपेट में आ गया और स्वयं व्यक्ति सहित चार बकरियों की भी मौत हो गई। इसके बाद गांव के ग्रामीण बिजली विभाग सूचना दी गई फिर बिजली विभाग की आल्हा अधिकारी घटना स्तर पर पहुंचे वहीं आगे कार्रवाई के लिए छुरा थाना को भी सूचित किया जा चुका है।

जिले में लगातार सप्ताह भर से ज्यादा दिन हो गया है जो लगातार बारिश हो रही है इस दरमियान कोई न कोई घटना घटित होते जा रहा है वही आंधी- तूफान में चलते बिजली के तार टूट जाने से खेतों में लगे फेंसिंग कर में हुआ संपर्क जिससे विद्युत प्रभाव होते हुए करंट की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही व्यक्ति सहित चार बकरियों की मौत हो गई।

### बिजली विभाग के आला अधिकारी पहुंचे घटना स्थल




आईसेक्ट - ईशान एकेडमी
कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
कम्प्यूटर पाठ्यक्रम
MBC-T CCC-T TALLY BASIC COMPUTING
विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम
PGDCA DCA
प्रवेश प्रारंभ
स्कॉलरशिप सुविधा। कम शुल्क - बेहतर शिक्षा।
नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड
राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्री रोड
सम्पर्क करें - 98265-26082



हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468


# रसोई का बजट बिगड़ा, सब्जियों के दाम बढ़ने से ग्राहकी भी घटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों में 15 - 20 दिन में आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में तेजी आई है। ग्राहक दुकान में फल - सब्जियों के भाव पूछने के बाद खरीदारी में संकोच करने लगे हैं। सब्जियों के बढ़ते दामों ने जहां गृहणियों का पूरा बजट खराब कर दिया है। वहीं दुकानदारों के पास भी ग्राहकों की संख्या घटती लगातार जा रही है। पालक गिलकी भिंडी जैसी कुछ हरी सब्जियां को छोड़ कर बाकी के दाम भी 60 रुपए किलो तक है। इससे रसोई का बजट बढ़ गया है। आलू 35 रुपए, प्याज 35 रुपए जबकि टमाटर 50 से 60 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। थोक व्यापारियों की मानें तो अगले 3 महीने आलू प्याज के दाम सितंबर - अक्टूबर में इनके दाम और बढ़ सकते हैं। बाजारों में आलू मुरैना, इलाहाबाद, आगरा से पहुंच रहा है। 10 दिन में आलू की आवक घटकर आधी रह गई है। बड़े व्यापारियों ने आलू स्टोर कर ▶▶| शेष पेज 10 पर


CHRISTIAN COLLEGE of ENGINEERING & TECHNOLOGY
KAILASH NAGAR-BHILAI
NAAC ACCREDITED WITH GRADE A
M.TECH
• NANO TECHNOLOGY
• CAD/CAM ROBOTICS
• HIGH VOLTAGE
B.TECH
• COMPUTER SCIENCE & ENGG.
• ELECTRICAL ENGG.
• ELECTRONICS & TELE. ENGG.
• MECHANICAL ENGG.
LATERAL ADMISSION FOR DIPLOMA HOLDERS
NEW COURSES
• ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING
• ARTIFICIAL INTELLIGENCE & DATA SCIENCE
• DIPLOMA IN COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
• DIPLOMA IN ELECTRICAL ENGINEERING
• DIPLOMA IN MECHANICAL ENGINEERING
Ph.D
• ELECTRONICS & TELECOMM.
• APPLIED MATHEMATICS
• APPLIED PHYSICS
MCA
• MASTER OF COMPUTER APPLICATIONS
25+ Years of Excellence
MGM GROUP OF INSTITUTIONS
MORE THAN 60 YEARS IN EDUCATION
IN CAMPUS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
50% MINORITY SCHOLARSHIP
Eligibility Criteria
For C.G. Students :
Class 12th - Physics, Chemistry & Mathematics (PCM) II) Appeared Engineering Entrance Exam (CGPET)
For Outside C.G. Students :
Class 12th - Physics, Chemistry & Mathematics (PCM) II) Appeared Engineering Entrance Exam CGPET or JEE (All India)
Admission Helpline
Chhattisgarh : +91 99819 91429, +91 942 555 7762
North East, Nagaland : +91 87877 98831
Bihar, Jharkhand & West Bengal : +91 99346 90200
Fr. Dr. P. S. Varghese : +91 9826141686
Doha, Qatar: Mr. Lenin: +974 6688 3196



ST. THOMAS COLLEGE
RUABANDHA-BHILAI
NAAC ACCREDITED WITH GRADE A
B.Com. Computer Application
B.B.A.
B.C.A.
B.A. English Literature, Economics, Journalism & Mass Communication, Psychology, Sociology
M.A. Economics, English, Psychology
B.Sc. Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Electronics, Information Technology, Industrial Chemistry, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology
Ph.D. Microbiology, Chemistry, Biotechnology
M.Sc. Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Electronics, Information Technology, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology
PG DIPLOMA P.G.D.C.A, Counselling and Guidance, Journalism
40 YEARS OF EXCELLENCE
EXCELLENCE IN ACADEMICS & SPORTS
IN CAMPUS HOSTEL FOR GIRLS
M.Com.
Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg, C.G. & Kushabhau Thakare Patrakarita Avam Jansanchar Vishwavidyalaya, Raipur, C.G.
B.Ed. 50% DIRECT ADMISSION (CHRISTIAN QUOTA)
Pre-B.Ed. Entrance test compulsory for all
48 UNIVERSITY RANK HOLDERS 2022-23
0788-2275970
9406256388

## खबर संक्षेप





### विधायक की मांग पर डिप्टी सीएम ने दिया राजिम को 2 करोड़

**राजिम।** क्षेत्र के प्रवास में आए राज्य के डिप्टी सीएम अरूण साव ने राजिम विधायक रोहित साहू की मांग पर शहर के विकास के लिए दो करोड़ रूपए स्वीकृत किया है। दो करोड़ रूपए स्वीकृत होने पर शहर के नागरिको ने विधायक रोहित साहू का और डिप्टी सीएम श्री साव के प्रति आभार जताया है। बता दें कि राजिम शहर के गंभीर एवं वर्षो पुरानी समस्या राजिम के शिवाजी चौक में नाली निर्माण, अपूर्ण सांस्कृतिक मंगल भवन सहित विभिन्न कार्यो से संबंधित था जिसे विधायक श्री साहू ने डिप्टी सीएम श्री साव को अवगत कराया। जिस पर दो करोड़ रूपए स्वीकृत किया गया। इसके अलावा विधायक श्री साहू ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के राजिम नगर पंचायत,फिंगेश्वर नगर पंचायत ,छुरा नगर पंचायत तथा गरियाबंद नगर पालिका को मिलने वाली 15वे वित्त विभाग की राशि को त्वरित प्रदान करने डिप्टी सीएम श्री साव से आग्रह किया है। राजिम विधायक श्री साहू ने देर शाम हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि राजिम शहर एक मॉडल शहर के रूप में बनेगा। यहां के हर समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए वे दिलोजान से लगे हुए है। आने वाले कुछ ही समय में राजिम को बस स्टेण्ड का बड़ा सौगात मिलेगा। मालूम हो कि राजिम में एक बस स्टेण्ड तक नही है यह बहुत बड़ी विडंबना है। इस दिशा में शहर के नागरिको ने विधायक श्री साहू का ध्यान आकर्षित किया है। उम्मीद है कि जल्द ही राजिम में भव्य और आकर्षक बस स्टेण्ड शीघ्र बनेगा।

### धमनी स्कूल में किया गया पौधारोपण



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला धमनी संकुल केंद्र किरवई में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला परिसर में अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा फलदार एवं अन्य पौधों का रोपण किया गया जिसमें आम, नींबू, अमरूद, सीताफल, जामुन, बादाम, कटहल, आंवला, अशोक का पौधा रोपण किया गया।सभी लोगों ने पेड़ों के संवर्धन एवं संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुखेन साहू मुख्य अतिथि के रूप में एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल यादव तथा विशेष अतिथि के रुप मे पालक सदस्य थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के शिक्षक महेन्द्र पंत द्वारा शासन के विशेष अभियान पर चलाये जा रहे वृहद पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए पेड़ लगाने से होने वाले विभिन्न लाभों से बच्चों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुखेन साहू,प्रभारी प्रधान पाठक, प्रीति नायक, पदमनी साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, अनिता राजपूत, उत्तम भारती, पुरुषोत्तम साहू, मीना कुर्रे, संतोषी सेन, वंदना साहू, गीता साहू, प्रेमीन साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालकगण उपस्थित थे।

### पिथौरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। इसमें 20 मरीजों को डाइग्नोसिस किया गया। साथ ही टोबेको यूजर्स को भी फ्री मेडिसिन के साथ साथ कोसोशल काउंसिलिंग किया गया। सभी मरीजों को नियमित एक्सरसाइज करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया, डॉ चित्रेश ड़ड़सेना नोडल पिथौरा, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि का सहयोग रहा।

## निरीक्षण : मंत्री ने माना स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

# भारतीय संस्कृति ने सिखाया बुजुर्गों का सम्मान करना : मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने माना स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया था और वहां रहने वाले वृद्धजनों के मन की बात जानने की कोशिश की थी। इस दौरान कुछ वृद्धजनों ने घटारानी, जतमई माता दर्शन करने की इच्छा जतायी थी। यह इच्छा जल्दी पूरी हुई तो बुजुर्ग घटारानी पहूंच कर बहुत खुश है। मंत्री राजवाड़े ने बुजुर्गों के इच्छा का मान रखते हुए उन्हें स्वयं राजीव लोचन दर्शन कराने के बारे में सोचा और रविवार को वृद्धाश्रम माना में निवासरत वृद्धजनों को घटारानी और दर्शन कराने स्वयं अपने साथ लेकर गई। माता का दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना किया। मंत्री अपनी व्ही आई पी गाड़ी छोड़ स्वयं उन लोगों के साथ बस से घटारानी आई। घटारानी मे मंत्री स्यंम सहारा देकर गाड़ी से उतारी। मंत्री ने कहा बस का सफर आन्नद मय था। इस दौरान राजवाड़े ने बुजुर्गों के साथ भजन-कीर्तन किया और साथ ही स्वाल्पाहार का भी आनंद लिया। घटारानी के दर्शन से वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के हृदय की प्रसन्नता उनके चेहरे से झलक रही थी। बुजुर्गों ने कहा पहला मंत्री जिन्होंने इतना प्यार दिया है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि उनसे मिले आशीर्वाद ने जन सेवा करने के लिए मुझे और शक्ति मिलेगी इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू शामिल थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। राज्य के निराश्रितों के लिए सरकार सहारा बन रही है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संस्था वृद्धाश्रम माना के बस पर 23 बुजुर्ग जिसमे भरतलाल साहू, सुकालु बजारे,सुकेश दत्त ,शिवकुमार तिवारी, संतोष साहू, हेमेश्वर दूबे, दिलीप परमार, चरणदास, भोलानाथ सरकार, गुरूबचन सिंह, रूपा राव, सकुन बाई, निर्मला गायकवाड़ कपून, भोला गायकवाड, मलिना मंडल, हंशा यादव, फूलमती चौधरी, मिलवन्तिन पाल, नमिता भट्टाचार्य, इंद्रिरा नायडू, रामबाई चेलक कलियाबाई सेन निर्मला सोनी थे। 23 महिला पुरुष बुजुर्ग को गरियाबंद जिला के विभिन्न धार्मिक स्थल धूमने का अवसर मिला। साथ उनके ओ एस डी ओमप्रकाश वर्मा सहित 18 सरकारी स्टाफ थे। बृद्धजनों को यह तब सम्भव हूआ जब प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी वाजवाड़े ने स्यंम इसकी पहल किया। रविवार को इस बुजुर्गों के लिए बड़ी लक्जरी बस मे बिठाकर धार्मिक स्थल माता घटारानी दर्शन कराया और रिमझिम बारिश के बीच प्राकृतिक सौंदर्य तथा झरना का आन्नद लिया। मंत्री ने कहा भारतीय संस्कृति मे बड़े बुजुर्गो का सम्मान करना सिखाया है। बुजुर्गों का आशीर्वाद बहूत भाग्य वालों को मिलता है, इसलिए सभी को अपने से बड़ों और वरिष्ठ बृद्धजनों का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठजन हमारे घर की नींव होते हैं।

■ बुजुर्गों को घटारानी मंदिर का कराया दर्शन





### वृद्धाश्रम में शरण लेने की सबकी अपनी-अपनी दास्तान

वृद्धाश्रम माना से मंत्री के साथ पहुंचे बुजुर्गों ने कहा कि हम जैसे बुजुर्गों को घर जैसी सुविधाएं और वातावरण मिल रहा है। उनसे चर्चा करते उनमें से कुछ ने अपनी आप बीती बात कही, उन्होंने अपनी व्यथा के साथ नाम न छापने की शर्त पर यहां आने की दास्तान बताई, जिसका कुछ अंश इस तरह है। अपनी आप बीती बात में एक वृद्धाश्रम में रहने वाली उन्होंने नम आंखो से बताया कि एक समय था जब मेरा बेटा मेरी दवाई भी समय से ले आता था, खाना खाने से पहले एक बार आवाज लगाता कि मां खाना खाया की नहीं पास बैठकर हालचाल पूछना लेकिन जब से उसका विवाह हुआ उसके स्वभाव में बदलाव आने लगा। इस दौरान भाजपा युवमोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू साहू भाजपा जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर, आई सेल शागर मयानी, भाजपायुमोर्चा महेश कश्यप, विधायक निज सचिव किशोर साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, अध्यक्ष भाजपा राजिम कमल सिन्हा, सरपंच बोड़की रामजी साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, पूर्व सरपंच लचकेरा कोमल ढीढी, पूर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद, गजेन्द्र निषाद, खुशी साहू मधू नथ्थानी, दीपक साहू, गुलशन सिन्हा ,टिकेन्द्र सिन्हा ,मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे उपस्थित थे।

## सुंदरकेरा स्कूल के पास शराबियों का रहता है जमघट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-नया रायपुर मार्ग पर ग्राम सुंदरकेरा है। इस गांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल में लड़कियों की संख्या अधिक है। इस सत्र में 351 की दर्ज संख्या है। बच्चों के शैक्षणिक स्थान शिक्षा के मंदिर को भी असामाजिक तत्व बख्श नहीं रहे है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं ने अपने घर निकल जाते है। शाम होने के बाद यह दारू पीने का अड्डा बन जाता है। क्योंकि शराबियों के लिए यह एक सुरक्षित स्थान के रूप में देखा जाता है। इन्हें कोई बोलने वाला नहीं और न ही कोई टोकने वाला है। हर रोज यहां की महिला चपरासी उमेश्वरी साहू जब स्कूल खोलने के लिए आती है तो सबसे पहला सामना सीसी बॉटल और चखना के रेपर, डिस्पोजल गिलास से होता है। वे झटपट इसे साफ करती है। रोज-रोज के ऐसी हरकतों से वह परेशान हो गई है। मगर क्या करे? क्योंकि वह स्कूल की चपरासी है। साफ-सफाई करना उनका धर्म एवं डयुटी है। उमेश्वरी ने बताया कि वे ग्रेजुएट है। 2015 से वह इस स्कूल में शाला विकास समिति के मेहरबानी पर चपरासी के पद पर कार्यरत है। वेतन के रूप में उसे साढ़े पांच हजार रूपए मिलता है। पिछले 10 वर्षों से वह काम कर रही है। इतने कम सैलरी में गुजारा होता नहीं है। वहीं आबकारी अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थलों पर पहली बार शराब पीते पकड़े जाने पर 1 हजार से 5 हजार रुपए और दूसरी बार पकड़े जाने पर 5 से 10 हजार रुपए तक जुर्माना और 3 महीने के कारावास का प्रावधान है। ठीक इसी तरह 5 लीटर से अधिक शराब रखने पर पहली बार पकड़ाए जाने पर 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास और न्यूनतम 10 हजार से 50 हजार तक जुर्माने का प्रावधान है। दूसरी बार निर्धारित मात्रा से अधिक शराब रखने पर न्यूनतम 50 हजार से 2 लाख रुपए तक अर्थदंड और 1 से 5 वर्ष तक कारावास की सजा हो सकती है। बावजूद लोगो को यह समझ में नही आ रहा है।

# बस स्टैंण्ड बनाने नपा अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ राजिम में डिप्टी सीएम अरुण साव का स्वागत

डिप्टी सीएम अरुण साव का सोमवार को शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा-जितेन्द्र सोनकर, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष गफ्फु मेमन ,पार्षद महेश यादव, सुश्री छाया राही, पुष्पा गोस्वामी, पूर्णिमा चंद्राकर, टंकू सोनकर ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कुलेश्वर साहू, उत्तम निषाद, शरद पारकर,प्रवीण पुष्पाकर, मनोज देवांगन, सोमनाथ पटेल, रिकेश साहू, किशोर पटेल, साधु निषाद, लिकेश्वर साहू, ईश्वर साहू, योगेश्वर गोस्वामी, अरविंद गुप्ता, बलराम यादव शामिल थे। डिप्टी सीएम श्री साव ने पंडित जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने राजिम शहर में भव्य बस स्टेंड बनाने की मांग करते हुए ज्ञापन देकर मंत्री जी से निवेदन किया , जिस पर डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव ने शीघ्र स्वीकृत करने की बात कही।

# राष्ट्रीय स्पर्धा में कुमकुम को स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



अस्मिता खेलो इंडिया जोनल लीग के तहत 10-14 जुलाई तक उड़ीसा की राजथानी में आयोजित राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता से नगर की बेटी कुमकुम ध्रुव राष्ट्रीय स्वर्ण पदक लेकर आज लौटी।कुमकुम ध्रुव सब जूनियर वर्ग में साथ 49 किग्रा भारवर्ग 56 किग्रा स्नैच और 75 किग्रा क्लीन एंड जर्क कुल 131 किग्रा उठाकर स्वर्ण पदक जीता इससे पूर्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उन्हे छत्तीसगढ़ स्ट्रांग वुमेन का खिताब मिला था कुमकुम ध्रुव शालेय खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर भारोत्तोलन में पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाड़ी है । भुवनेश्वर के बीजू पटनायक नेशनल स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनके साथ नगर की दो बेटियों संध्या साहू और लक्षवन्तीन कोसले ने उतकृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम छः खिलाड़ियों में अपना स्थान बनाया। संध्या साहू ने सब जूनियर वर्ग में छठवां और जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते सातवां रैक हासिल किया। लक्षवन्तीन ने जूनियर वर्ग में 56 किग्रा भारवर्ग में छठवां स्थान पाकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ के इन खिलाड़ियों को सेवानिवृत्त पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर प्रशिक्षित व मार्गदर्शन करते हैं जिसके कारण यह उपलब्धि हासिल किया। विदित हो कि अस्मिता खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए देश के 12-15 प्रदेशों को एक जोन में रखा गया था छत्तीसगढ़ की ओर से कोच के रुप में रुस्तम सारंग, पंकज शुक्ला, सुमित बघेल, प्रकाश देशमुख, देव कुमार निषाद ,शिप्रा विश्वास प्रेरक बने।गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संग के सहसचिव शीतल ध्रुव खिलाड़ियों को लेकर स्वयं स्टेडियम में टीम मैनेजर के रुप में डटे रहे साथ ही छत्तीसगढ़ को 20 पदक के साथ जोनल रनरअप की ट्राफी मिलने में अग्रिम प्रेरक छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के सचिव राजेश जंघेल की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कुमकुम ध्रुव संध्या साहू और लक्षवन्तीन कोसले की इस उपलब्धि पर बधाई शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रुप से तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत ,खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत ,केसरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद ,आर के ध्रुवा सीईओ जनपद, यशवंत यादव अध्यक्ष जिला वेटलिफ्टिंग संघ, हीरालाल साहू सचिव , भोले शंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत, योगेंद्र देवांगन नायब तहसीलदार, दिलीप मेश्राम थाना, छतर सिंह ठाकुर संरक्षक सर्व आदिवासी समाज, नीलकंठ ठाकुर प्रांत उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज,लाल सिंह मरकाम सीएमओ, वीरेंद्र ठाकुर ,रोमन ठाकुर कृषि विभाग ,ऋतुराज शाह सभापति नगर पंचायत, यु के दीवान उपन्यत्री ,राजेश्वरी ठाकुर, परागा ध्रुव ,देवश्री ध्रुव ,डॉ खुशबू गुप्ता ,डॉ कीर्तन साहू,बीएमओ, पंडोरिया सर, सी एल साहू परियोजना अधिकारी, यशपेद्र शाह, विनोद देवांगन ने बधाई दी है।

# भगवान जगन्नाथ लौटे मंदिर, बोल कालिया के जयघोष की हुई गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में इस वर्ष रथयात्रा महोत्सव बहुत ही धुमधाम से यह मनाया गया। रथजात्रा महोत्सव पर अनेक धार्मिक आयोजन किया गया था। सोमवार के दिन बाहुणा जात्रा मनाया गया जिसमें अमलीपदर बस स्टैंड पर श्री गुड़िचा मंदिर में श्री बलराम जी, मां सुभद्रा और श्री जगन्नाथ जी का श्रद्धालु जन दर्शन किए और श्री दर्शन करने हेतु उड़ीसा अंचल से भी श्रद्धालु यहां उपस्थित रहे। आज श्री गुंडिचा घर में प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त पर दिव्य पुजा अर्चना श्री मंदिर मुख्य पुजारी पं युवराज पांडेय द्वारा किया गया और उसके बाद महाप्रभु जी को छप्पन भोग नैवेद्य अर्पित किया गया।और भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। फिर ग्राम के मुख्य देवी देवताओं का पुजन अर्चना किया गया, बाजे गाजे संकीर्तन मंडली के साथ बोल कालिया के जयघोष से अमलीपदर क्षेत्र में गुंज उठा। शाम पांच बजे को श्री गुंडिचा मौसी विदा लेकर श्री बलदाऊ जी मां सुभद्रा नंदीघोष रथ पर आरूढ़ हुए। बोल कालिया के जयघोष ओर महाप्रभु जगन्नाथ जी भक्तों को दर्शन देते हुए श्री नंदीघोष रथ पर आरूढ़ हुए। श्रद्धालु ने रथ का डोर खींच कर जयकारा लगाये।





### बम्हनी में गंगा आरती समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ महादेव प्रांगण में 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे गंगा आरती व बोल बम समिति की बैठक रखी गई है। जिसमें सावन माह में होने वाले गंगा आरती के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

## कॉलेज ग्राउंड में बारिश का पानी जाम

# बारिश हुई किसानी कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



दो दिनों से अंतराल में रूकरूक कर हो रहे बारिश के चलते खेती-किसानी कार्य में तेजी आई है वहीं पर तापमान मे कमी होने के कारण लोगो ने राहत महसूस किया।कालेज ग्राउंड मे बारिश का पानी जाम हुआ।किसानों को बियासी के लिए अच्छी बारिश का इंतजार है। नगर मे पिछले दो दिनो से हो रही रूकरूक कर बारिश के चलते खेत खलिहानो को पानी मिला है जिसके चलते निकले हुए धान के पौधों को संजीवनी मिला है वही पर जिन लोगो ने धान की बोनी नहीं की थी वे धान की बोनी कार्य मे जुट गये हैं।बारिश के चलते नगर के कुछ नालियों मे पानी जाम है वहीं पर कालेज ग्राउंड मे बारिश का पानी जमा हो गया जिसकी निकासी नहीं होने पर छात्रें ने जाम पानी मे मच्छर के पनपने की बाते कहकर मलेरिया बीमारी होने का संदेह जताया है।छात्रें ने नगर पंचायत से जाम पानी की निकासी करने की गोहार लगाई है।नगर मे बारिश के चलते जलस्त्रोतों मे बारिश का पानी मिला है उसे बिना उबाले नहीं पी सकते।लोगों ने नगर पंचायत के द्वारा पानी टंकी मे क्लोरिन दवा मिलाकर नल से पानी देने का सुझाव दिया है जिससे पीने योग्य पानी के द्वारा किसी प्रकार से संक्रमण न हो।किसानों ने बताया कि इस बार मानसून की पानी देर से आने पर खेती का काम पिछड़ा हुआ है। अभी तक बियासी का कार्य पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन नही हो पाया है।जिन लोगो के खेतो मे पानी की धार चला है ऐसे किसान पानी रोककर बियासी की तैयारी मे लगे है।एक दो जमकर बारिश हुई तो रोपा एवं बियासी कार्य मे तेजी आयेगी।पानी जरूर गिर रहा है लेकिन घर मे अभी भी उमस एवं गर्मी का आलम बना हुआ है। किसान सहित नागरिकों को अभी भी अच्छी झमाझम बारिश का इंतजार है।

## पेज 9 के शेष...

### बीएमओ कार्यालय में...

है। जिसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालय से पत्र प्राप्त होने पर उक्त धोखाधड़ी कर आहरित करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध थाना मैनपुर में 18 मई को लिखित आवेदन पर प्रथम दृष्टिया अपराध घटित होना पाये जाने से धारा 420, 467, 468, 471, 409, 120बी के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

**ये आरोपी रहे शामिल-** प्रकरण में लगातार फरार आरोपियों की पताशा जी जारी था इसी दौरान साइबर सेल के मदद से प्रकरण के चार आरोपी विनोद कुमार ध्रुव पिता स्व रामजी ध्रुव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खड़मा थाना छुरा, संतोष कोमर्रा पिता स्व गोविन्द राम उम्र 46 वर्ष निवासी मैनपुर-2, गुरूवेन्द्र साव पिता नकुल साव उम्र 46 निवासी ग्राम महासमुंद वार्ड नं. 29 रमनटोला, महासमुंद थाना व जिला महासमुंद डॉक्टर कालेश्वर कुमार नेगी (चिकित्सा अधिकारी) उम्र 42 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अब तक प्रकरण में कुल 07 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, प्रकरण के शेष फरार आरोपीयान की पतातलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिव शंकर हुर्रा, निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, निरीक्षक पवन वर्मा, सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा, राजकुमार साहू, आरक्षक कोमल घृतलहरे, आरक्षक प्रमोद यादव, साइबर सेल सतीश यादव, सुशील पाठक, सतीश गिरी की भूमिका सरहनी रही।

### निकाय चुनावों में...

वर्गो का वोट भी हासिल करना है। विगत 10 वर्षो के मोदी जी के कार्यकाल मे किये गये विकास कार्यो को घर घर तक पहुंचाना है हमारी सरकार के द्वारा 2100 से 3100 रूपये क्विंटल का धान दिया जा रहा है, प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल, 35 किलो चांवल,सभी जाति,धर्म,वर्ग,समाज के लिए कार्य किया जा रहा है।

**कार्यकर्ता और मतदाताओं को पौधे वितरित किए-** इस अवसर पर पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। सांसद अग्रवाल द्वारा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौंधा भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, पुर्व सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, नपं. उपाध्यक्ष किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, उत्पल साहू, संचित तिवारी, गौरव शर्मा, कचरूलाल भट्टर, वरूण राठी, किशोर देवांगन, मुकेश ढीढी, गोयल भट्ट, लौटन गिलहरे, किशोर साहू, झड़ी पटेल, सागर साहू, ईश्वर पटेल,रानी पटेल, चेतना गुप्ता, दुलारी चर्तुवेदानी, पुजा बघेल सहित संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व मतदाता उपस्थित रहे।

### रसोई का बजट...

लिया था। अब वही आलू ही बाजारों में पहुंच रहा है। अप्रैल में हुई बारिश से प्याज की फसल प्रभावित हुईं हैं। थोक बाजार में सब्जियों की भाव, टमाटर 48 रूपए किलो, करेला, गोभी, 80 रूपए, बरबटी 35 रुपए, धनिया 50 रूपए, मिर्ची 60 रुपए किलो मिल रहा है। क्षेत्र साप्ताहिक बाजार गुरुवार रसेला, शुक्रवार हिराबतर, शनिवार सुरंग पानी, रविवार को कुडेरादादर, सोमवार कनसिघी, मंगलवार कोठी गांव, बुधवार को लीटीपारा में साप्ताहिक बाजार होता है। इस क्षेत्र के लोग अपने अपने नजदीकी बाजार में जाकर लेनदेन करते हैं।

## झमाझम बारिश से जलमग्न हुआ राजिम...





**राजिम।** बीते दो दिनों की जोरदार बारिश से न्यायालय परिसर पानी से लबालब हो गया है। नाले में डेड़ फिट पानी बह रहा है और खेत-खार जलमग्न हो गए है। यहां तक कि क्षेत्र के छोटे नाले उफान पर है। सड़को के ऊपर डेढ़ से दो फिट पानी चल रहा है जिससे आम लोगो को आवाजाही में दिक़्कतो का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर से छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को। पथर्रा नाला और न्यायालय के पास गोड़धोवा नाला में सड़क पर डेढ़ से दो फिट पानी बह रहा है। मिलपारा गली में भी करीब दो फिट पानी भर गया है। कई घरों में पानी घुस गया है।

### जागरूकता : सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छता का दिया संदेश

# छात्र की मौत के बाद मलेरिया जांच करने पहुंचा स्वास्थ्य विभाग, रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर के ग्राम पंचायत देहारगुडा के आश्रित ग्राम दर्रीपारा में मलेरिया बुखार से कक्षा 2री के छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी के मौत के खबर के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गई। हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग मैनपुर के अमला ग्राम पंचायत देहारगुडा के आश्रित ग्राम दर्रीपारा एवं प्राथमिक शाला रामपारा पहुंचकर स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हालांकि सोमवार को भारी बारिश के 09 छात्र स्कूल नहीं पहुंचे थे जिनका कल फिर स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। तो वहीं गांव में मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के अमला ने गंदगी और कचरा स्थानों पर दवा का छिड़काव किया साथ ही लोगों को गांव में साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। किसी के भी तबियत खराब होने पर तत्काल इसकी सूचना देने कहा है।

ग्राम पंचायत देहारगुडा में सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं छात्र- छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। सोमवार को ग्राम पंचायत देहारगुडा के सरपंच डिगेश्वरी साण्डे के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र- छात्राओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने गांव में रैली निकालकर लोगों को मलेरिया, डायरिया जैसे बीमारी के बचाव के सबंध में जानकारी दिया गया, साथ ही गांव में साफ-सफाई के साथ डीडीटी छिडकाव और मच्छरदानी का उपयोग करने की अपील किया गया है।

खबर का असर





#### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया स्पष्टीकरण

मैनपुर में मलेरिया से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार छात्र के मृत्यु के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्टीकरण जारी किया है, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद डॉक्टर गार्ग यदु पाल ने बताया कि ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दर्रीपारा) के छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी, पिता पुनीतराम सोरी, उम्र 07 वर्ष, ग्राम गिरहोला का पिछले 02 दिनों से बुखार पीड़ित होने की सूचना मिलने पर ग्राम के मितानित मेहतरीन ओटी द्वारा आरडी टेस्ट किट से जांच किया गया। जिसमें पीएफ पॉजिटिव रिजल्ट दिखने पर तत्काल आयुष्मान आरोग्य मंदिर देहारगुडा में प्रातः 11 बजे ले जाकर सीएचओ द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं हीमोग्लोबिन जांच किया गया, जिसमें हिमोग्लोबिन की मात्र 5.1 ग्राम आने पर एवं बच्चे में पालर लक्षण दिखने पर मलेरिया का उपचार के लिए एसीटी कीट (05 से 08 वर्ष) की प्रथम खुराक बिस्कीट एवं गुड़ खिलाया गया तथा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के लिये प्रातः 11:30 बजे रिफर किया गया, सीएमएचओ ने बताया कि परिजनों के द्वारा बच्चा का दवा सेवन करने के बाद थोडा अच्छा महसुस करने के कारण कुछ देर बाद मैनपुर अस्पताल ले जायेंगे कहकर बच्चे को साथ लेकर अपने घर चले गये। इसके उपरांत भी मितानिन द्वारा बच्चे के घर जाकर प्रत्येक दो घंटे में फालोअप कर स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही थी तथा मितानिन द्वारा बार-बार उन्हें मैनपुर अस्पताल ले जाने कहा गया। किन्तु बच्चे के माता-पिता थोड़ी देर बाद ले जायेंगे कहकर समय टालते गये। इसके पश्चात रात्रि 2 बजे परिजन द्वारा मितानिन को सूचना दी गई की बच्चे की तबयीत बहुत खराब हो गई है, जिसकी जानकारी मिलते ही मितानिन ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस में कॉल कर बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में ले जाया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में ड्यूटी डाक्टर के द्वारा बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सक द्वारा अस्पताल आने के पूर्व ही बच्चे की मृत्यु हो जाने की पुष्टि की गई।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय करने के लिए प्रतिबद्ध-** सीएमएचओ गरियाबंद ने बताया कि विकासखंड मैनपुर के ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दरएँपारा) में वर्तमान में मलेरिया पॉजिटिव प्रकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव के मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डायरिया मलेरिया संबंधी जन जागरूकता कैम्पेन सर्वे जांच, स्वास्थ्य सलाह, उपचार तथा मच्छर प्रजनन स्थल स्त्रेत नियंत्रण संबंधी गतिविधियां का आयोजन घर-घर भ्रमण, जन चौपाल स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लगातार की जा रही है। जिले में स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र की जनता को पूरी तरह से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के मलेरिया संभावित जगहों सहित मैनपुर क्षेत्र में मलेरिया के बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम तथा स्कूल, ऑगनबाड़ी, डोर टू डोर मलेरिया सर्वे करने, मलेरिया का चिन्हांकन करने तथा चिन्हांकित धनात्मक मरीजो का उपचार करने हेतु जिला स्तर से विशेषज्ञ चिकित्सकों (शिशु रोग विशेषज्ञ) चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी विकासखंड मैनपुर में लगाई गई है। जहां वे प्रतिदिन जाकर मलेरिया जांच, स्वास्थ्य परीक्षण, डोर टू डोर सर्वे करेंगे। विकासखंड मैनपुर में मलेरिया से संबंधित समस्त दवाईयां पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है। मलेरिया की जांच हेतु आर डी कीट पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है। माह मार्च 2024 में प्रत्येक घरों में मच्छरदानी का वितरण किया जा चुका है। साथ ही आवश्यकतानुसार और भी मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप



#### मेघराज समिति के संगठन मंत्री बने

**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के सामाजिक उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए समाज के प्रति कर्मठता एवं जागरूकता को देखते हुए समाज के वरिष्ठजनों की अनुशंसा पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने राजिम क्षेत्र के युवा नेता ग्राम कपसीडीह के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मेघराज साहू को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए समिति के संगठन मंत्री मनोनीत किया है। समिति के संगठन मंत्री मनोनीत होने पर मेघराज साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ,संरक्षक डा रामकुमार साहू, मनोहर साहू, रूपेंद्र साहू, बोधन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दुलिकेशन साहू, ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, संगठन मंत्री नवीन साहू,परिक्षेत्र साहू समाज कोपरा के अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष पूरन साहू, हीरामणि साहू, सचिव प्रताप साहू, कोषाध्यक्ष चंदन साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रमुख थानेश्वर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लेखराम साहू, पूर्व सरपंच तुलसी-सत्येंद्र साहू, जनपद सदस्य होरीलाल साहू ,द्वारिका साहू, थनवार साहू, सुखलाल साहू, अयोध्या साहू, बसंत साहू, अजय साहू, भूषण साहू, विनोद साहू, भीखम साहू, चंद्रशेखर साहू, कृष्ण साहू ने बधाई दी है।

#### छात्र खुमान का नवोदय में चयन

**नवापारा-राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला कुर्रा के छात्र



खुमान साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर छात्र के पिता राजेश साहू माता धनेश्वरी साहू प्राथमिक व मिडिल स्कूल के सभी शिक्षक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रेम मानिकपुरी एवं डोमेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा ने बधाई दी।

#### 15 लाख से अधिक का गांजा जब्त, महिला समेत दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक लग्जरी कार से गांजा की तस्करी करते एक महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 15 लाख से अधिक का गांजा सहित नकद,दो नग मोबाइल और गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया है। आरोपी ओडिशा से मध्यप्रदेश गांजा ले जा रहे थे। जानकारी के अनुसार बसना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को देखकर बसना की ओर से आ रही कार ग्रैंड विटारा क्र. 23 बी एच 9019 सी के चालक ने वाहन को तेज चलाते हुए सामने से जा रहे ट्रक को पीछे से ठोकर मार दिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो दो ट्राली बैग एवं चार प्लास्टिक बोरी में सीलबंद 147 पैकेट गांजा मिला। वाहन चालक सोरो, बोरो, बालासोर ओडिशा निवासी बाटाकृष्ण सतपथी (48) बगल में बैठी मुड़वा जुड़वाखेड़ा नरयावली सागर म.प्र निवासी अर्चना अहिरवार (23 ) ने बताया कि गांजा ओडिशा से खरीदकर मध्य प्रदेश बिक्री करने ले जा रहे थे। आरोपियों के विरूद्ध 20 बी नारकोटिक्स एक्ट/,281 बी एन एस के तहत कार्रवाई की गई।

## ग्रामीणों ने सचिव पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**मैनपुर।** ग्राम विकास मद का 12 लाख आहरण कर सचिव ने काम नहीं कराया। पंचायत का कार्यालय भी नहीं खोलता जिससे चलते ग्रामीणों के काम नही हो रहे, जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन देकर सचिव हटाने की मांग किया ग्रामीणों ने मैनपुर जनपद क्षेत्र के मुचबहाल पंचायत सचिव पर आर्थिक अनियमितता और कार्य में लापरवाही करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। 11 जुलाई को जिला सीईओ के नाम जिला पंचायत में ज्ञापन सौप पंचायत सचिव विनोद बिहारी नागेश को हटाने की मांग किया गया है। गोहरापदर भाजपा मंडल महामंत्री तानसिंह मांझी के नेतृत्व में उप सरपंच लिंगेश्वर यादव,लंबोदर मांझी, लक्ष्मन सिंह नागेश, मानिक चंद साहू,राजू प्रधान, सुबो राम मांझी द्वारा हस्ताक्षरित



लिखित शिकायत में सचिव विनोद बिहारी नागेश पर आरोप लगाते हुए लिखा गया है की सचिव कभी कार्यलय के नही बैठता,जिससे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड सत्यापन के अलावा हितग्राही मूलक कार्य प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों ने कहा की जनपद के जिम्मेदार अफसरों द्वारा दी जा रही छूट के कारण आम जनता के कामों में ये अनदेखी करते हैं।सचिव को हटाने की मांग किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है की निर्माण कार्य जिसका मूल्यांकन सत्यापन होता है ऐसे कार्य भी राशि आहरण के बाबजुद पूर्ण न होना जनपद के अफसरों पर कई सवाल खड़े कर रहे है।शिकायत में ऑन लाइन डेटा के रिकार्ड का हवाला देते हुए कहा गया है की वर्ष 2021से 23और 24 में क्रमश स्कूल अहाता,नयापारा में सीसी सड़क,बंद पारा में नाली निर्माण जैसे जरूरी काम के लिए 15 वे वित्त मद में कार्ययोजना के आधार पर 12.80लाख की मंजूरी ली गई,12.19 लाख आहरण करने के बावजुद सभी कार्यों को अधूरा छोड़ दिया गया है।उक्त राशि की वसूली कर आवश्यक कार्यवाही की मांग किया गया है। शिकायत के बाद जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने उप संचालक पंचायत को जांच के निर्देश दिया है।उपसंचालक ने नोटिस जारी रिकार्ड लेकर कार्यलय उपस्थित होने का निर्देश जारी किया है।

### सफाई के दौरान ट्रक चालक की करंट से मौत

**महासमुंद।** बिरकोनी में बोरवेल ट्रक की सफाई के दौरान ट्रक चालक 33-केवी वायर के संपर्क आ गया, जिससे करंट से उनकी मौत हो गई। मृतक तमिलनाडु निवासी है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। इससे पहले भी तुमगांव में एक बच्ची की मौत करंट से हो चुकी है। पुलिस के अनुसार ग्राम सेंकरी तमिलनाडु निवासी राजवैल द्रविड़ (42) अपने अपने दो साथी गुड्डु ठाकुर और रोहित ठाकुर के साथ बोरवेल वाहन ट्रक क्रमांक केए 01 एमवी 6599 के केबिन की खिड़की में कांच लगाने बोरवेल वाहन को लेकर ओम बॉडी वर्कशाप महाराजा ढाबा के बाजू बिरकोनी आया था। जहां ओम बॉडी वर्कशाप के मिस्त्री दोपहर भोजन करने चले गए थे। उनके आने का इंतजार करते वाहन चालक-ड्रिलर बोरवेल मशीन की मास्क में ग्रीसिंग करने के लिए मास्क को उठाया।

## बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत छुरा में आयोजित स्वच्छता स्थायी समिति की बैठक में सभापति माननीय पुष्पलता सिन्हा, जनपद सदस्य प्रहलाद यदु, जनपद सदस्य अशोक कुमार पटेल, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके ध्रुव एवं एसबीएम से समन्वयक उपस्थित हुई बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया है। जिसमें 2021 एवं 2022 में स्वीकृत हुए सामुदायिक शौचालय जो अभी तक पूर्ण नहीं हुए है उन पंचायतों पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है, इसी प्रकार 2022 मे स्वीकृत सेग्रीगेसन शेड जो अभी तक पूर्ण नहीं हुए है उस पर कार्यवाही किया जाना है,

ग्राम पंचायत रानीपरतेवा मे अटल चौक बस स्टेण्ड के पास एवं



दादरगाँव नया के आश्रित ग्राम कोड़ामल मे सामुदायिक भवन के नया सामुदायिक शौचालय स्वीकृत किये जाने हेतु निर्णय लिया गया है ,प्लास्टिक का उचित निपटान करने हेतु प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट निर्माण कार्य के लिए लोहझर या रानीपरतेवा मे से एक स्थान पर उचित स्थल चयन किये जाने पर चर्चा किया गया, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्वक करने हेतु एक इंजिनियर की मांग किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायतों में निर्मित सेग्रीगेसन शेड मे कार्य करने हेतु स्व सहायता समूह हेतु मानदेय एवं उनके सुरक्षा उपकारण पर चर्चा किया गया तथा सेग्रीगेसन शेड मे कार्यरत समूहों के लिए ई श्रम कार्ड बनाकर सफाई कर्मकर मण्डल में जोड़ा जाना है जिससे उन दीदियो को प्रतिवर्ष 1000 रुपये सफाई कर्मकार के बच्चों को छात्रवृति के रूप में 1000 से 1500 रुपये एवं 2 लाख का जीवन बीमा भी मिल सके।

### किरवई व धुमा स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य

## लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें तो सफलता निश्चित : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

संत पवन दीवान शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल किरवई तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल धुमा में शाला प्रवेशोत्सव, पौधारोपण तथा सायकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन दोनों कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू थे। श्री साहू का शाला परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे व्यापक अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत शाला परिसर में वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि विद्या मनुष्य का श्रेष्ठ सौंदर्य है, विद्या से विभूषित व्यक्ति प्रत्येक स्थान पर सम्मान प्राप्त करता है। सभी छात्र छात्राएं लक्ष्य बनाकर




पढ़ें,नियमित रूप से विद्यालय आएं और अपने शिक्षक, माता पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही तथा सफल कार्यक्रम हेतु समस्त शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधियों को बधाई दी एवं सायकिल वितरण कर छात्राओं को भी शुभकामनायें दी। इस दौरान प्रमुख रूप से राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, शाला विकास समिति किरवई के अध्यक्ष मोतीराम साहू, सरपंच यथार्थ शर्मा, प्रमेश साहू, रामेश्वर ध्रुव, लक्ष्मी बंजारे, मीना ध्रुव, भागवत साहू, संतोष साहू, धुमा के कार्यक्रम में सरपंच दुर्गा छन्नू साहू, शाला विकास समिति धुमा के अध्यक्ष चितरंजन साहू, पूर्व अध्यक्ष क्रिशलाल साहू, नारद साहू, हरि वर्मा, डॉ. गोपाल साहू, पवन साहू, डायमंड साहू, हेमंत वर्मा, वामन निर्मलकर, वासु साहू, केशकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, शिक्षकगण व छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## पुत्र को दी गई 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत में पदस्थ गौर सिंह दीवान करारोपण अधिकारी के निधन पर उसके पुत्र गीतेश दीवान को जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके ध्रुव के द्वारा 50000 हजार अनुग्रह राशि प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रमुख रुप से एडीईओ हेमलाल कंवर, करारोपण अधिकारी कयाराम यादव, सहायक ग्रेड तीन एसडी इफ्राइम उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### न्योता भोज में दिया गया पौष्टिक आहार

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला खैरझिटी में न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन मीनू चार्ट के अलावा पोषण आहार के रूप में केला, मिठाई, समोसा, पापड़ दिया गया। यह आयोजन शाला के कक्षा 8वीं के छात्र वीरेंद्र दीवान के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके पिता भुनेश्वर दीवान द्वारा कराया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को अधिक से अधिक पौष्टिक आहार देना जिससे शिक्षक, बालक, पालक के बीच सौहाद्रपूर्ण पारिवारिक वातावरण का निर्माण हो सके। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दिनेश कुमार सोनी, शिक्षिका अंजू वैष्णव, दिलीप साहू, तुलसी ध्रुव,जागेश्वर साहू, रसोइया कौशिलया ध्रुव, सावित्री ध्रुव, गायत्री ध्रुव, मेहत्तर राम साहू एवं दोनों विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को मंडल अध्यक्ष तिवारी ने कराया न्योता भोज



**मैनपुर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी एवं शिक्षिका ललिता तिवारी की बिटिया आस्था तिवारी के जन्मदिन पर भी गोहरापदर के सभी शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन मिडिल स्कूल प्रांगण में किया गया। जिसमें हायर सेकंडरी स्कूल, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला के बच्चों को भोजन कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हायर सेकंडरी स्कूल के अध्यक्ष केनुराम यादव, भाजपा अजा मोर्चा जिला महामंत्री चौनसिंह कश्यप, मंडल महामंत्री तानसिंह मांझी, कोषाध्यक्ष सोभित ध्रुवा, संजुक्ता दास, पूर्व सरपंच मेघाराम बघेल, खगेश्वर नायक, त्रिलोचन कश्यप, नरसिंग यादव, बदनराम मांझी, सुरेश यादव, तुकाराम पांड़े, प्राचार्य भुपेंद्र तिवारी, संकुल समन्वयक संजय कश्यप, प्रधान पाठक हेमलाल जगत, सुरेश यादव, भगवानो पांड़े, दयाराम मांझी, त्रिपुरा पांड़े, सत्यवान सिंह, गुलशन वैष्णव, केशर सिन्हा उपस्थित थे।

### बारिश के बीच छात्रवास व स्कूलों के निरीक्षण में पहुंचे विधायक ध्रुव



**मैनपुर।** झमाझम बारिश के बीच बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव दुरस्थ वनांचल ग्रामों के आश्रम छात्रवासों के निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान तौरेंगा स्थित आदिवासी बालक आश्रम का विधायक ध्रुव ने निरीक्षण किया। जहां भवन बेहद जर्जर हो गया है, और जर्जर भवन के बीच छात्र अनेक परेशानियों को झेलते हुए पढ़ाई करने विवश हो रहे है और तो और यहा प्राथमिक शाला भवन भी नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, माध्यन भोजन खुले आसमान के नीचे पॉलिथीन की छतरी बनाकर भोजन तैयार करने विवश हो रहे है। संबधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समस्या समाधान करने का निर्देश भी दिया है। झमाझम बारिश के बीच ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव एंव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मैनपुर नगर का छाता लेकर पैदल भ्रमण किये एंव नगर में पानी निकासी की व्यवस्था एंव नालियों में जाम गदंगी की साफ- सफाई करने का तत्काल निर्देश दिया।

**सौगात :** उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने नगर पंचायत कोपरा के विकास के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा की

# कोपरा को योजनाबद्ध तरीके से बनाएंगे नया शहर : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने ग्राम कोपरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात संचालन समिति के गठन होने के उपलक्ष्य में अभिनंदन समारोह में सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्हेंने कहा कि आज के दिन कोपरा वासियों के लिए बहुत ही ऐतिहासिक और गौरवशाली का दिन है। इसके लिए सभी नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार कार्य किये जा रहे है। जिसका फायदा प्रदेश के सभी नागरिकों को मिल रहा है। इसके अलावा प्रदेश में विभिन्न निर्माण कार्य भी कराये जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जो मोदी की गारंटी के तहत जो वादे किये गये थे, उन वादों को सरकार बनते ही अमल कर क्रियान्वयन किया गया है। जिसका लाभ सीधा पात्र हितग्राहियों को निश्चित समय पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोपरा ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बना है। इसके सुव्यवस्थित विकास के लिए किसी भी प्रकार की राशि की कमी नहीं आयेगी। कोपरा को योजनाबद्ध तरीके से एक नया शहर बनायेंगे। इसके लिए हमें 50 वर्षों की कार्य योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है। जिससे अन्य शहर के लोग भी इस शहर को एक आदर्श शहर के रूप में पहचान मिले। इसके लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। कोपरा में सुव्यवस्थित सड़के, सीसीरोड, नाली निर्माण, बिजली, पेयजल, कार्यालय, चिकित्सालय, स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरीय निकायों में विभिन्न निर्माण कार्यों एवं विकास के लिए सरकार बनने के उपरांत 1500 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये है। इस दौरान उन्होंने नगरीय निकाय कोपरा के विकास के लिए 50 लाख रूपये की घोषणा की तथा राजिम नगर के विकास के लिए 2 करोड़ रूपये की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने 5 करोड़ 36 लाख रूपये के लागत से बने गरियाबंद जिले के 21 विभिन्न ग्रामों में 200 मीट्रिक टन गोडाउन सह कार्यालय भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शुभ सवेरा क्लस्टर श्यामनगर को बिहान दिदियों को 32 लाख रूपये का बैंक लिकेंज ऋण, लीड बैंक द्वारा दो हितग्राहियों को 15 लाख 45 हजार रूपये के ट्रेक्टर लोन, समाज कल्याण विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, 2 हितग्राहियों को व्हीलचेयर, मत्स्य विभाग द्वारा 3-3 हितग्राहियों को जाल एवं मछली आइस बाक्स प्रदाय किया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड, 10 किसान को किसान क्रेडिट कार्ड, 10 किसानों को अरहर बीज एवं 5 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को पीएम किसान अंतर्गत प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 5 हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड, 10 किसानों को फलदार पौध वितरण किया गया। इस दौरान राजिम विधायक श्री रोहित साहू ने कार्यक्रम में नगर पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात संचालन समिति के गठित होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हम सबके के लिए गौरव का क्षण है। नगर पंचायत के विकास के लिए हमारी सरकार द्वारा सभी प्रकार के विकास कार्य कराये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं शिशुवती माताओं के बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष नोगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष भारती साहू, गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, बधुबाला रात्रे, राजेश साहू, अजय रोहरा, अनिल चन्द्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं संचालन समिति सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में कोपरा के नगरवासी उपस्थित रहे।

■ 5 करोड़ 36 लाख रूपये की लागत से बने गोडाउन सह कार्यालय भवनों का किया लोकार्पण



#### नगरवासियों में निराशा

नगर पंचायत कोपरा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्य मनोनित होने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में डिप्टी सीएम मुख्य अतिथि अरुण साव ने शिरकत की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव का गजे बाजे आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। नगर वासियों ने डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर बड़े उम्मीद लगाए हुए थे इनका मानना था कि किसी बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा कोपरा के मंच से करेंगे पर इस तरह के कोई बड़ी घोषणा यहां नहीं किया गया। जिससे नगर वासियों को निराशा हाथ लगी।

#### राजिम के विकास कार्य के लिए 2 करोड़ की घोषणा

हालांकि डिप्टी सीएम श्री साव ने 50 लाख रुपए नगर पंचायत कोपरा और 2 करोड़ रुपए की राशि राजिम नगर पंचायत में विकास कार्य के लिए किया है। ज्यादातर कोपरा नगर के जनता चुस्त सुरक्षा व्यवस्था के चलते कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाए। नगर पंचायत कोपरा में डिप्टी सीएम साव के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन काफ़ी एक्टिव दिखे। कोपरा में सुरक्षा व्यवस्था काफी चुस्त दुरुस्त किया गया था। कार्यक्रम स्थल से लेकर गली मोहल्ले और नेशनल हाईवे पर पुलिस जवान की तैनाती किया गया था। ग्राम पंचायत कोपरा के पूर्व पंचायत बाड़ी एवं कांग्रेसियों के द्वारा विरोध प्रदर्शन के अंदेशा मात्र को लेकर एक पूर्व जनप्रतिनिधि को पुलिस उठा ले गए थे इसी तरह अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता के घर तक पुलिस पहुंच गए। हालांकि उठाकर ले गए पूर्व जनप्रतिनिधि को कुछ देर बाद वापस छोड़ दिया गया।



## विज्ञान सेमिनार में छात्रों ने दिए व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



नगर के प्रतिष्ठित शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में छात्रों के लिए सेमीनार, क्विज एवं कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अध्ययन अधिगम हेतु नई शिक्षा नीति में अनुभवात्मक व गतिविधी आधारित शिक्षण पर जोर दिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में सेजेस राजिम में गठित विज्ञान क्लब द्वारा गतिविधी आधारित शिक्षण हेतु क्लब प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के निर्देशन सह मार्गदर्शन में नवाचार करते हुए बच्चों के द्वारा पाठ्यक्रम विषयपरक सेमीनार, क्विज प्रतियोगिता तथा प्लास्टिक मुक्त विद्यालय हेतु प्लास्टिक वेस्ट टू बेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब प्रभारी गायकवाड़ ने बताया कि छात्रों को विषय संबंधी प्रकरणों के गहन अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करने, प्रतियोगी परीक्षापयोगी सामान्य ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त आयोजन किया जा रहा जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अपने पाठ्यक्रम विषय के प्रकरण का भलीभांति अध्ययन व अन्य स्त्रोतों से जानकारी एकत्र कर शिक्षकों और छात्रों के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया गया। सेमीनार में वक्ता छात्र छात्राओं के द्वारा गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान विषयों के टॉपिक पर व्याख्यान दिया गया। क्विज प्रतियोगिता में समसामयिक घटनाचक्र, भौगोलिक, विज्ञान, खेल आदि क्षेत्रों से संबंधित प्रश्न पूछे गये। निणार्यक दल में व्याख्याता कमल सोनकर, व्याख्याता मधु गुप्ता द्वारा छात्रों के ज्ञान स्तर , अभिव्यक्ति कौशल आधार पर आँकलन किया गया। इसी प्रकार प्लास्टिक मुक्त परिसर कबाड़ से जुगाड़ द्वारा प्लास्टिक एवं व्यर्थ पदार्थों से छात्र-छात्राओं द्वारा बहु उपयोगी वेस्ट टू बेस्ट वस्तुओं का निर्माण कर प्रदर्शनी लगाई गई। सेमीनार में प्रथम स्थान कक्षा ग्यारहवीं की साक्षी साहू , द्वितीय स्थान रूमीना शाह कक्षा ग्यारहवीं तथा तृतीय स्थान सोनाली साहू कक्षा ग्यारहवीं ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा दसवीं के विद्यार्थी मोनिका देवांगन, भूमिका सोनकर, लक्ष्मी वर्मा, मयंक पटेल, खिलेश्वर साहू रहे। इसी कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी में प्रथम स्थान कक्षा दसवीं की लक्ष्मी वर्मा, मोनिका साहू, मोहिनी साहू, कीर्ति साहू ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा गुंजा साहू, खुशी साहू, छात्र रूद्र पटेल,पोखराज निषाद, तोषण निषाद, कक्षा दसवीं की माही सोनी, याचना साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजन में व्याख्याता कमल सोनकर एवं व्या. मधु गुप्ता का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य संजय एक्का द्वारा प्रतिभागी छात्रों की प्रशंसा करते हुए अध्ययन सहगामी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ व्याख्याता एम एल सेन, व्यायाम शिक्षिका शिखा महाड़िक, सहा.शिक्षिका अंजू मार्कण्डे द्वारा प्रतिभागी छात्रों की सराहना की गई।

## स्वच्छताग्राही दीदियों के स्वास्थ्य एवं सम्मान के लिए नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु स्वच्छाग्रही महिला स्वसहायता समूहों को घर-घर कचरा कलेक्शन एवं पृथक्करण के कार्यों तथा संपूर्ण कचरा प्रबंधन की गतिविधियों के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में संलग्न किया गया है। ऐसे में कचरा प्रबंधन के कार्यो में विभिन्न प्रकार का अपशिष्ट एकत्रीकरण स्वच्छाग्रहियों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है। जिससे इन कार्यो में संक्रमण होने की संभावना रहती है। इसके लिए विकासखण्ड स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्राम पंचायतों में संलग्न स्वच्छाग्रहियों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच करने के लिए कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है। इसके पालन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वच्छाग्रहियों दीदीयों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में स्वच्छाग्रहियों दीदीयों का ई-श्रम कार्ड निर्माण कर उन्हें सफाई कर्मकार मण्डल से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। जिला समन्वयक परवेज हनफी ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाले मेगा स्वास्थ्य कैम्प में भी इसकी मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ से वर्ष में कम से कम एक बार जांच कराया जायेगा। जिससे स्वच्छाग्रहियों दीदीयों का स्वास्थ्य के साथ-साथ मान-सम्मान बना।

## तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका में भारत स्काउट एवं गाइड जिला गरियाबंद के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी शामिल हुए। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट-गाइड संगठन वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को प्रबल करता है और विद्यार्थियों में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, समाज सेवा, कर्तव्य और दायित्व का बोध करवाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मी साहू ने कहा कि स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक गुणों का विकास होता है। इस प्रशिक्षण से राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। आपातकाल में यही बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सहयोग करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने स्काउट गाइड्स का उल्लेखनीय कार्यों के लिए अभिनंदन एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## श्रम विभाग ने किया मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार निरंतर प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम बोरसी में हो रहे भवन निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों, ग्राम पोखरा में हो रहे पुल निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों एवं विकासखण्ड गरियाबंद के ग्राम कोचवाय के प्राथमिक शाला में पानी टंकी निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के लिए मोबाईल कैम्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को श्रम विभाग की योजनाओं एवं पंजीयन के बारे में बताया गया। साथ ही मौके पर ही श्रम विभाग अंतर्गत पंजीयन कर लाभान्वित किया गया। श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि शिविर के माध्यम से मजदूरी कार्य में लगे होने के कारण स्वयं के पंजीयन नहीं करवा पाने की स्थिति को देखते हुए श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों तक पहुंचकर मोबाईल ऐप एवं विभागीय ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों के उपलब्ध दस्तावेज के साथ आवेदन कराया जाता है। जिससे कि उनके मजदूरी में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा आवेदन की प्रक्रिया सरलता से पूर्ण किया जा सके।

**हाईवे से दिख रहा सैकड़ों फीट की उंचाई से गिरते जल प्रपात की अनुपम छटा**

## झमाझम बारिश से बोतलधारा जलप्रपात उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रदेश के काफी खुबसूरत प्राकृतिक वाटरफाल बोतलधारा जलप्रपात इस वर्ष दो दिन से क्षेत्र में हो रही रूक रूककर झमाझम बारिश के बाद सोमवार को मैनपुर तहसील मुख्यालय से दिखाई देने लगा है, बोतल धारा जलप्रपात अपने पूरे शबाब पर नजर आ रहा है, सैकड़ों फीट उंचाई से पहाड़ों के ऊपर से गिर रहे इस प्राकृतिक झरने की खूबसूरती का नजारा मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग से दिखाई दे रहा है साथ ही बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचने लगे है। हालांकि यह क्षेत्र हिंसक वन्यप्राणियों के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां जाने से पहले कुछ सावधानियां बहुत जरूरी है, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी क्षेत्र में हरे भरे जंगल का नजारा बेहद खुबसुरत होता है खास तौर पर बारिश के बाद वाटर फाल अपने पुरे शबाब पर होते है लोग इनके प्राकृतिक सौन्दर्य का आंनद लेने पर्यटक पहुंच रहे है, पर उनमे से कई इन जगहों पर आसावधानी के चलते लोग घटनाओं के शिकार भी होते है इसलिए वाटरफाल देखने से पहले पूरी सुविधाओं के साथ और सावधानी पूर्वक जाना चाहिए ऐसी ही एक वाटरफाल तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर की दूरी कुल्हाडीघाट के पहाड़ी पर बोतल धारा के रूप में पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है बारिश के साथ इस वाटर फाल को तहसील मुख्यालय मैनपुर से देखा जा सकता है, लगभग दो किलोमीटर की उंचाई से बोतल की आकार लिए धुआंधार जल प्रपात को गिरते देखने का एक अलग ही अनुभव है।

यहां पहुंचने के लिए मैनपुर से बुडार तक 07 किलोमीटर वाहन से पहुंचा जाता है और 6 किलोमीटर पैदल दूर्गम पहाड़ी रास्तों को पार कर यहां पहुंचते है। बारिश के दिनों क्षेत्र के खासकर युवा यहां पहुचते है और जल प्रपात का आंन्द लेते है। यह जंगल जितनी खुबसुरत ही उतनी खतरनाक है लेकिन कही पर भी चेतावनी बोर्ड नहीं लिखा है, लेकिन यहा चेतावनी बोर्ड लगाया जाना बेहद आवश्यक है सेल्फी और ग्रुप फोटो यहां लेना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है इसलिए इस खुबसूरत वाटर फाल के तरफ प्रशासनिक तौर पर सुरक्षा के इंतजाम पर्यटन मंडल को करना चाहिए। वैसे यहा मात्र 4 माह ही बारिश के दिनों मे वाटर फाल देखने को मिलता है।

## अन्नपूर्णा, शारदा एवं प्रमिला को मिली अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील पहल से शारदा पटेल, प्रमिला कुर्रे एवं सुश्री अन्नपूर्णा ध्रुव को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है। सोमवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने तीनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से तीनों ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। शारदा, प्रमिला एवं अन्नपूर्णा को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगी। उल्लेखनीय है कि शासन के प्रावधानों के तहत कलेक्टर अग्रवाल ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।

ग्राम देवरी जिला जांजगीर चांपा की रहने वाली शारदा पटेल ने बताया कि उनके पति व्याख्याता के रूप में हायर सेकेण्डरी स्कूल अकलवारा में पदस्थ थे। उनके निधन के बाद भृत्य पद के रूप में शासकीय हाईस्कूल लोहझर में नियुक्ति मिली है।